राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
मो०–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

''बुजुर्गों की इज्जत और हिफाजत करनेवाला देश और समाज ही तरक्की करता है–राज्यपाल

पटना, 11 अगस्त 2018

''बुजुर्गों की इज्जत और हिफाजत करनेवाला देश और समाज ही तरक्की करता है। भारतीय संस्कृति में बुजुर्गों को सम्मान देने की परंपरा शुरू से रही है। संयुक्त परिवार के विघटन तथा सामाजिक संरचना में आए बिखराव की वजह से हाल के दिनों में बुजुर्गों की दशा में कुछ सोचनीय स्थितियाँ बनी हैं, जिनपर गंभीरतापूर्वक व्यापक ढंग से विचार होना चाहिए।'' उपर्युक्त उद्गार, महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक ने समाचार–पत्र ''दैनिक जागरण'' के तत्त्वावधान में स्थानीय होटल मौर्या के सभागार में आयोजित 'बागबान क्लब' के वार्षिकोत्सव को उद्घाटित करते हुए व्यक्त किये।

राज्यपाल ने कहा कि माँ के चरणों में रहनेवालों को जन्नत नसीब होती है तथा पिता की सरपरस्ती में रहनेवाली औलादों को हर जगह कामयाबी मिलती है। उन्होंने कहा कि बड़े बुजुर्गों, अनाथ बच्चों और असहाय महिलाओं के कल्याण के लिए आर्थिक सहयोग और उदारतापूर्वक दान करना चाहिए। उन्होंने बिल गेट्स का नजीर देते हुए कहा कि पश्चिमी देशों में भी 'चैरिटी' की महान परंपरा है। सभी धर्म भी जनकल्याण तथा कमजोर वर्ग और बुजुर्गों की हिफाजत की सीख देते हैं। राज्यपाल ने कहा कि सरकारें वृद्धावस्था पेंशन या अन्य कई कार्यक्रमों के जरिये वृद्धजनों को सहयोग करती हैं, परन्तु अपने परिवार में सम्मान और सेवा पाकर ही बुजुर्ग संतुष्ट और दीर्घजीवी हो सकते हैं।

कार्यक्रम में स्वागत–भाषण 'दैनिक जागरण', पटना के समाचार–संपादक श्री भारतीय वसंत कुमार ने किया। उद्घाटन सत्र को 'बागबान क्लब' के अध्यक्ष श्री श्यामजी सहाय, पूर्व पुलिस निदेशक श्री नीलमणि, दैनिक जागरण समूह के मुख्य महाप्रबंधक श्री आनंद त्रिपाठी आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह, जागरण–समूह के महाप्रबंधक श्री एस०एन० पाठक आदि भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने कार्यक्रम में 'बागबान' पत्रिका और वेबसाईट का भी लोकार्पण किया।

....